भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 1907

जिसका उत्तर 22.09.2020 को दिया जाना है

ओडिशा में राज्य राजमार्गों का राष्ट्रीय राजमार्ग में परिवर्तित करना

1907. श्री महेश साहूः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) ओडिशा में राष्ट्रीय राजमार्गों और राज्य राजमार्गों का ब्यौरा क्या है और उनकी लंबाई कितनी है;

(ख) क्या ओडिशा में किसी राज्य राजमार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में परिवर्तित करने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या अनुगुल और धेन्कानल जिलों से होकर गुजरने वाले राज्य राजमार्गों को राष्ट्रीय राजमार्गों के रूप में परिवर्तित करने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री
(जनरल (सेवानिवृत्त) डॉ. वी. के. सिंह)

(क): 5753 किमी की औसत लंबाई के राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) तथा 4211 किमी औसत लंबाई के राज्यीय राजमार्ग(एसएच) ओडिशा राज्य से होकर गुजरते है।

(ख): ओडिशा राज्य में राज्य राजमार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में परिवर्तित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ग): ओडिशा राज्य में अंगुल और धेन्कानल जिलों से होकर गुजरने वाले राज्य राजमार्गों को राष्ट्रीय राजमार्गों के रूप में परिवर्तित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

*****